बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

ल.अं./50/एसएलबीसी/ 76

08.05.2024

प्रदेश मे कार्यरत समस्त अग्रणी जिला प्रबन्धको को पत्र

महोदय,

विषय: पी. एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रदेश मे प्रभावी क्रियान्वयन किए जाने के संबंध मे

आप अवगत ही है माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा फरवरी 2024 में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरूआत की गई है जिसका मुख्य उद्देश्य वर्ष 2027 तक 1 करोड़ लोगो के घरो मे सोलर रूफ टॉप स्थापित करते हुए मुफ्त/कम कीमत बिजली उपलब्ध कराना है| योजनान्तर्गत 1 किलोवाट से 10 किलोवाट तक के सोलर पैनल की स्थापना किए जाने का प्रावधान है|

भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार 3 किलोवाट तक की क्षमता वाली ईकाईयो मे बैंको द्वारा 7% की ब्याज दर पर ऋण प्रदान किए जाने का प्रावधान भी किया गया है| इस संबंध मे विभिन्न बैंको के प्रधान कार्यालय द्वारा दिशा निर्देश भी निर्गत किए जा चुके है|

इसी क्रम मे अवगत कराना है कि हमें निदेशक, यूपीनेडा का पत्रांक 551/ यूपीनेडा-पीएम सूर्यघर/SLVC/2024 दिनांक 08.05.2024 प्राप्त हुआ है जिसके माध्यम से प्रदेश मे योजनान्तर्गत 806 वेंडर्स को पंजीकृत किए जाने से अवगत कराया गया है| पंजीकृत वेंडर्स की सूची आपके सुलभ संदर्भ हेतु संलग्नक के माध्यम से प्रेषित है|

उक्त क्रम में आपसे अनुरोध है कि प्रदेश मे योजना के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तर पर कार्यरत परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा एवं वेंडर्स के साथ समन्वय स्थापित करते हुए बैठक किया जाना सुनिश्चित करें ताकि आमजनमानस को योजना का लाभ प्राप्त हो सके|

भवदीय,

(समीर रंजन पंडा)
महाप्रबंधक एवं संयोजक
राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ0प्र0)

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.), अंचल कार्यालय, लखनऊ अंचल, "बड़ौदा हाउस", वी–23, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ – 226010
State Level Bankers' Committee (U.P.), Zonal Office, Lucknow Zone, "Baroda House", V-23, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow - 226 010
फोन / Phone : 0522-6677607 (GM), 6677609 (Sectt.), 6677722 (DGM), 6677730 (CM), 6677721, 6677725
ई–मेल / E-mail : slbc.up@bankofbaroda.com, वेबसाइट / Website : www.slbcup.com